भूमिका

भुमिका

तथागत बुद्ध के अब तक न जाने कितने पाली ग्रंथ एवं साहित्य प्रकाशित हो चुकी है, जिसमें साधारण जीवन यापन, आर्थिक, सामाजिक एवं राजनैतिक पहलुओं पर अधिक ज़ोर दिया जाता रहा है। इस दिशा में भारतीय परिदृश्य को देखे तो साक्षात रूप में दर्शन होते है कि वास्ताविक भारत गाँवों में रहता है, इसी धारणा को आधार मानकर तथागत बुद्ध ने मानव को प्रकृति के बहुत करीब तक पहुँचाया और मानव कल्याण का नया रास्ता प्रशस्त किया जिससे कि स्वंय के अन्तर्मन में झाँका जा सके।

अब से ढाई हजार वर्षे पहले ही भगवान बुद्ध ने वन्य प्राणियों के संरक्षण के लिए विशेष प्रकार की प्रेरणा से अभिभूत होकर आन्दोलन चलाया था। उस समय भी यज्ञ के नाम पर हजारो पशू-पक्षियों, वृक्षों एव खाद्यान्य की आहुती दी जाती थी। भगवान बुद्ध बिना हिंसा के यज्ञ का प्रचार कर रहे थे। पशूओं के प्रति भी इतनी करूणा इतनी मैत्री भगवान बुद्ध के बात के लिए सदा आदर के साथ स्मरण किये जाएंगे कि उन्होंने अपने युग में यज्ञ के नाम पर होने वाली पशू हिंसा को समाप्त करवा दिया था।

कृषि कर्म उस समय अत्यन्त गौरवास्पद कार्य समझा जाता था। कृषि और कृषक की समस्याओं का हल तथागत बुद्ध ने बताया है और वह आधुनिक वर्तमान स्थिति में लागू होता है। इसकां उदाहरण हमें दीघनिकाय नामक ग्रन्थ के कुटदन्त सुत्त से प्राप्त होता है। इस लघु शोध कार्य वर्तमान में विदर्भ प्राप्त के किसानों की आत्महत्या और उसका निवारण कुटदन्त सुत्त के आधार पर लघु शोध कार्य करने हेतु प्रयास किया है। सर्वेक्षण एवं क्षेत्रीय शोध प्रविधि का उपयोग किया है तथा इसमें प्रश्नावली का उपयोग किया है। प्रस्तुत लघु शोध प्रबन्ध का विषय ‘विदर्भ में

किसानों की आत्माहत्या के कारण व उपाय : कुटदन्त सुत्त के आधार पर वर्धा जिले के सन्दर्भ में’ है। इस लघु शोध प्रबन्ध को चार अध्यायों में विभाजित किया है।

1. प्रथम अध्याय किसानों कि आत्मसहत्या के आंकडे इस अध्याय में आत्महत्या करने वाले कृषको के आँकड़े दिये है। आत्महत्या के बाद समाचार पत्र में खबर प्रकाशित की जाती है और उनका कारण जानने का प्रयास किया हैं। आत्महत्या के संदर्भ में परिवार का तथा समाज का मत क्या है उसका वर्णन भी इस अध्याय में किया है।
2. द्वितीय अध्याय में किसानो के आत्महत्या की स्थितियाँ इस अध्याय में विदर्भ में वर्धा जिले के आर्थिक-सामाजिक, धार्मिक तथा पारिवारिक स्थिति का विश्लेषण किया है।
3. तृतीय अध्याय में कुटदन्त सुत्त और किसानों का जीवन इस अध्याय में कुटदन्त सुत्त का विश्लेषण तथा किसानों के जीवन के बारे में वर्णन किया है। धनिय सुत्त में दिये गए मानवी सुखी जीवन तथा भगवान बुद्ध के आसक्ति रहिंत उपदेश का क्रमनुसार वार्ताकर्म का वर्णन इस अध्याय में दिया है। इस अध्याय में कसिभारद्वाज सुत्त के आधार पर उस समय ब्रांह्मम खेती करने का वर्णन किया है एवं 500 हल चलाने की वर्णन भी किया गया है तथा कुटदन्त सुत्त का विस्तार से वर्णन किया गया है तथा शील का आचरण के इस विषय के संदर्भ में विश्ल्ेषण किया है।
4. चतुर्थ अध्याय में ‘आत्महत्या रोकने के उपाय’ इस अध्याय में कुटदन्त सुत्त का संदर्भ लेकर कृषको कि आत्महत्या रोकने आ सुझाव का वर्णन दिया गया है। बुद्ध विचारों से प्रेरित डॉ. आंबेडकर द्वारा आत्महत्या रोकने के लिय दिये हुए सुझावों का वर्णन इस आद्ययय में है।

परिशिष्ट में समाचार पत्रों के आधार पर प्राप्त तथ्यों को दर्शाने का प्रयास किया है....सभी के सहयोग से यह लघु शोध कार्य पूर्ण करने का प्रयास किया है।

***

प्रथम-अध्याय

प्रथम अध्याय

किसानों की आत्महत्या के आंकडे

आत्महत्या करनेवाले किसानों की संख्या हर दिन बढ रही है। वर्तमान स्थिती में किसान हवालदिल हो गया है। कृषि संपुर्णतया वर्षा पर निर्भर होती है। कभी अति वर्षा के कारण फसल नष्ट होती है तो कभी अवर्षण से तो कभी नैसर्गिक आपत्ती की वजह से जैसे बाढ आने के कारण फसल नष्ट होती है।

वर्धा जिले के संदर्भ में हमे जनवरी, 2013 से मार्च, 2014 तक कुल सौ (100) के ऊपर आत्मतहत्या के आंकडे मिले है। सरकारी दफ्तर से यह आकडा प्राप्त हुआ है। किसान आत्महत्या करने वाले वर्धा जिले के अलग-अलग तालुका, गाँव है। वर्धा जिले के तालुका मे आत्महत्या करने वाले किसानों को सुची बनाकर वह जिला कार्यालय में भेजी जाती है। जिला कार्यालय आफिस की एक समिती गठित की जाती है। जिससे आत्महत्या करने वाले किसानों की जाँच पड़ताल की जाती है। स्वयं जिला अधिकारी इन मामलो की स्वयं जाँच पडताल करते है। कभी कभी प्रत्यतक्ष स्थान पर जाकर मामलो की स्वयं जाँच पड़ताल करते है की सत्यता का पता चल सके इस प्रक्रिया मे परिवार से पुछताछ की जाती है। आस-पास के लागो से भी पुछताछ की जाती है कुछ मामलो मे रिश्तेजदारों से भी पुछताछ की जाती है ताकि आत्महत्या करने का सत्य का कारण मालुम पड सके।

जिन-जिन- किसानों ने आत्म हत्या की है उन सभी किसानों के परिवार को पात्र अपात्र कसौठी पर मुआवजा प्राप्त होता है। जिस किसान ने आत्महत्या की है उनके परिवार की संपुर्ण जानकारी ली जाती है। किस कारण किसान ने आत्महत्या की है उसकी जाँच की जाती है। समिती के आधार के नुसार आत्म्हत्या हुयी है तो उसे सामिति के आधार के नुसार आत्महत्या

हुयी है तो उसे समिती पात्र ठहराती है। अगर अन्य कारणों से किसान ने आत्महत्या की है तो उसे सरकार व्दारा मुआवजा नही मिलता है। समिती के कुछ निकष (**aspects**) होते है। उन निकष के आधार पर आत्महत्या पात्र अपात्र ठहराते है। आत्महत्या ग्रस्त परिवार को सहायता मिलती है। समिती के निकष के आधार पर भी वह आत्महत्या पात्र अपात्र ठहराते है। अगर किसान की फसल नष्ट न होने के कारण आत्म्हत्या की है। या अन्य दुसरे कारणों से आत्महत्या कि है तो उसे अपात्र ठहरति है। फसल अच्छी न होने के कारण तथा खेती क लिए सावकार से कर्ज लिया हो और वह किसान कर्जा चुकाने मं असमर्थ है ऐसे किसानों की आत्महत्या पात्र ठहराने का आदेश स्वयं जिला अधिकारी कार्यालय की समिती देती है। जिला कार्यालय व्दारा आत्महत्या करने वाले किसान के परिवार को 'पंतप्रधान पॅकेज' के नाम से करीब एक या दीड लाख तक सहायता प्रदान की जाती है, जो अपात्र है तथा जो प्रलाबित केसेस हे उनपर समिती बिठाकर इंक्वायरी के आदेश दिये जाते है अत: जो अपात्र ठहराते है उसे पंतप्रधान पॅकेज की सहायता नही मिलती है परन्तु जो प्रलांबित आत्माहत्या के केसेस पर पुनरविचार – विमर्श किया जाता है शायद ऐसे किसानों के परिवार को मदद मिल सके।

आत्महत्या करनेवाले कृषक के परिवार को कृषि भवन कार्यालय व्दारा सहायता दी जाती है इसके व्दारा कृषक के परिवार को शेती उपयोगी वस्तुए दी जाती है इस कार्यालय से कृषक को राशि नही दी जाती है। परंतु उन्हें लगभग पच्चीस हजार (२५०००/-) रूपये की कृषि के लिए वस्तूए दी जाती है इसमें कल्टीवेटर जैसी वस्तुएं सहायता क तौर पर दी जाती है जिससे कृषक का परिवार फिर से उठ खडा हो सके और अपनी जीविका कमाने के लिए कृषि कर सके। यह मदत सिर्फ सांत्वन के तौर पर मदत दी जाती है। परन्तु पंतप्रधान पॅकेज व्दारा कृषक को एक या देढ लाख नगद राशि या चेक दिया जाता है। यह पॅकेज कृषक के परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान करने साथ-साथ वर्तमान तथा भविष्य का भी समायोजन किया जाता है। वर्तमान

परिस्थिती को सुधारने के लिए तव्दतच भविष्य में भी आर्थिक पक्ष मजबूत करने में सहायता होती है।

कभी-कभी आत्महत्या के केसेस प्रलांबित होते है क्योंकि जिला कार्यालय को उसकी पुर्ण जानकारी नही होती है तथा अपुर्ण जानकारी की वजह से ऐसे केसेस प्रलांबित रहते है। ऐसी स्थिती में कृषक के परिवार को कठिनाईयों का सामना करना पडता है। वह हाल-बेहाल होते है परन्तु जिला कार्यालय को पुर्ण जानकारी देना अतिआवश्यक होता है। उसके सिवा सहायता निधी प्राप्त नही होती है और ऐसे केसेस को अपात्र ठहराते है।

वर्धा जिले में किसानों की आत्मतहत्या पर सर्वे करने के बाद पता चला है कि कृषक कर्ज के कारण आत्महत्या कर रहा है। कृषक बँक का कर्ज चुकाने में असमर्थ रहता है। ऐसी परिस्थिति में किसान सावकार से कर्ज लेता है। इसी आशा में कि इस बार फसल अच्छी होगी दुर्भाग्यवश उस समय भी फसल अच्छी नही हुयी तो वह संपूर्णत: मानसिक दबाव में आता है। कुटुंबप्रमुख होने के कारण उस पर परिवार की जिम्मेगदारी होती है। बँक का कर्ज चुकता न करने कारण पुनश्च्ग कर्ज नही मिला और सावकार से कर्ज लेने के लिए घर या खेती गिरवी रखता है। बाद में फसल अच्छी न होने के कारण वह सावकार का कर्ज चुकाने में असमर्थ रहता है। ऐसी हालात मे खेती या घर सावकार के पास गिरवी होने के कारण उत्पन्न का साधन याने खेती और रहने का घर पर सावकार का कब्जा होता है। इस भय के कारण किसान के पास जीवित रहने के लिए कोई वजह नही होती है। इसीलिए किसान के मन में आत्महत्या के विचार आते है। उनके मन में एक ही विचार आता है वह आत्महत्या करने का। इन सभी समस्याओं से छुटकारा पाने के लिए वह आत्महत्या करता है और अपना जीवन समाप्तं करता है। ''वह जीवन के किसी न किसी पक्ष की उपेक्षा कर बेठता है, जिसके फलस्वजरूप दृष्टिकोन एकांगी बन जाता है। अत: आवश्य कता एक ऐसी व्यवस्था होनी चाहिए जो मुल्यों को उचित स्थान मिल सके” बुद्ध ने मनुष्य की

मूल समस्याओं को ठीक-ठीक समझा उन्होंने अपने जीवन को मानव सेवा में ही अर्पण कर दिया है। बौद्ध धर्म में एक आशा की झलक दृष्टिगोचर होती है। जीवन को अनमोल समझता है जिसमें आत्महत्या का कोई स्थान नही।

आत्महत्या करनेवाले किसान की खबर पहले समाचार पत्र में आती है मीडिया व्दार इस खबर को प्रकाशित की जाती है। इस खबर को मुख्य समाचार के रूप में समाज में देश में उभरकर सामने आती आत्महतत्या की खबर मुख्य रूप में आने के कारण उनकी तहकीकात है। समाचार पत्र एक ऐसा माध्यम है जो दुनिया की खबरे छापता है दुनिया को किसी भी कोने मे खबर प्रकाशित करता है। उसे न्याय देने का एक आईना के समान वह प्रतिबिंब दिखाता है।

समाचार पत्र में अल्लीपूर के राजू टेकाम नाम के किसान ने आत्महत्या की भी उस खबर को पहले दैनिक समाचार पत्र यानि ''दैनिक लोकमत'' में छपी थी खबर प्रकाश में लाने के लिए समाचार पत्र की बडा महत्वपुर्ण योगदान है। इस प्रकार ऐसे कई किसान है जिन्हों ने आत्महत्या की है उसे समाज के सामने देश के सामने उजागार करने का कार्य समाचार पत्र करता है समाचार पत्र का यह कार्य न्याय की और इंगित करता है अर्थात एक प्रकार से आत्महत्या करनेवाले किसान के परिवार को राहत मिलती है और उन्हे मददगार साबित होता है।

जिस किसान ने आत्महत्या की है ऐसे परिवार का साक्षात्कातर लेते समय यह दृष्टिगोचर हुआ की फसल अच्छी न होने के कारण किसान ने आत्महत्या की है अर्थात इस वार्तालाप में एक बात सामने आयी है जो कृषक कर्ज में डुबा हुआ उसे किसी तरह की मदत नही मिल सकी न ही बँक से,न ही सरकार से। पहले से ही बँक का कर्ज था वह चुकता नही कर पाया इस वजह से दोबारा उसे कृषि के लिए कर्जा नही मिल पाया कृषक अपना घर खेती सावकार के पास गिरवी रखता है किसान का मुख्य व्यवसाय खेती है उसको गिरवी रखकर सावकार से कर्ज लेता है कभी-कभी अतिवृष्टी होने के कारण या अवर्षन होने के कारण फसल नही होती है। नैसर्गिक

आपत्ती को वजह से फसल हाथ से निकल जाती है नैसर्गिक आपत्ती का कोई सामना नही कर पाता इसलिए कभी बाढ के कारण पूरी फसल नष्ट हो जाती है। ऐसे में किसान दबाव में आता है ऊपरीनिर्दिष्ट कारणों के वजह से किसान आत्महत्या करने का विचार उसके मन मे कार्यप्रवण होता हे। एकांगी पक्ष के कारण वह आत्महत्या करता है। जिसके के कारण किसान ने आत्महत्या की है वह कारण अन्य आत्महत्या करनेवाले किसान में पाये गये अत: यह साम्य दिखाई देता हे यानि निदर्शन में आया है।

किसान आत्महत्या करना है तो इसका परिणाम समाज में दिखाई देता है जैसे कुटदन्त सुत्त में 'महाविजित जातक' में भगवान बुद्ध ने कहा है कि प्रजा का आर्थिक पक्ष सशक्त होगा तो इन समस्याओं का सामना नही करना पडेगा'[1] इससे यही मालुम होता है कि बुद्ध काल में भी अनेक समस्याओं का सामना कृषक, प्रजा को करना पडता था। आज भी वही स्थिती है सिर्फ फर्क इतना है कि स्वरूप बदला है। अत: समस्याओं का मुल वही है।

कृषक समाज का एक हिस्सा है। परिवार के कर्तव्यों के ऊपर ही समाज की एकता तथा दृढता निर्भर है''इसीलिए आत्महत्या एक ऐसी विकृत मानसिकता है जो प्रदर्शित होती है। उसे मानव सम्बमन्धों को विकृत नही करना चाहिए ऐसी समस्या समाज के लिए हानिकारक है। अत: समाज की ठीक-ठीक व्यवस्था बनाये रखने के लिए सुलझे हुये व्याक्तियों की हर समय आवश्यकता है''[2] बिना अच्छे व्याक्तित्व का कोई मुल्यास नही होता है साथ-ही-साथ उन्होने यह भी जानना चाहिए की आत्महत्या परिवार, समाज को नुकसान पहुँचा सकता है। ऐसा व्यक्ती स्वयं तथा समाज का भला नही कर सकता। अर्थात इन सब चीजों का अनुकूल या प्रतिकूल परिणाम समाज पर पडता है। इसीलिए समाज का मत उनके प्रति कभी अनुकूल तथा प्रतिकुल भी होता है।

---

[1] दिधनिकाय-भिक्खु राहुल सांकृत्यायन,पृ-117

[2] डॉ. आंबेडकर का समजदर्शन- डॉ. डी.आर. जटाव- पृ-82

भगवान बुद्ध ने गरीबी को शुभ अवस्था नही माना और न उन्होंने यह कहा कि गरीब लोग स्वर्ग आदि में सुख पायेंगे अथवा अपने दु:खो के बदले में इस भूमि पर राज्य करेंगे। बुद्ध ने बात कुछ और कही इनके अनुसार,'धन का स्वागत है। किन्तु उन्होंने बल इस बात पर दिया कि धन की प्राप्ति विनय के व्दारा होनी चाहिए। अर्थात दोषपुर्ण ढंग से एकत्रित किया हुआ धन शोषण का प्रतिक है।

भारतीय समान ऐसी आत्महत्या करने वालों को कडी आलोचना करते है तो कभी उसके साथ हमदर्दी दिखाते है जिसके सामाजिक सम्बंध बिगडने की संभावना रहती है समाज अपना स्पष्ट मत देने में कतराता है फिर भी ज्यादातर लोग आत्महत्या करने वाले किसानों की तरफ झुकाव होता है।

इस प्रकार डॉ.अम्बेडकर के अनुसार एक अच्छा नागरिक बनने के लिए अपने कर्तव्य को भलीभाति निभाने के लिए अपनी प्रगती करने के लिए तथा सामाजिक हित का ध्यान रखने के लिए आवश्यकता इस बात की है की खेती के साथ-साथ अन्यक व्यवसाय करने के लिए सरकार से अनुदान प्राप्त होना चाहिए और रोजगार मिले अच्छा वेतन मिले और अवकाश की सुविधाएं प्राप्त हो इस तरह सभी लोगों की प्रगती हो सकती है। सुखी जीवन और समाज का स्वास्थ कायम रखने के लिए आर्थिक समृध्दी आवश्यक है जिससे अपने परिवार की जीविका अच्छे से चला सके यही चीजे आवश्यक है अन्यथा आत्महत्या करने के सिवा कोई और पर्याय नही दिखाई देना है आरे समाज भी उसे कभी-कभी गलत साबित करता है।

किसानों की आत्महत्या करने के लिए अनेक कारणों की सुची दिखाई देती है। उस सुची को हम अगर जाँच पडताल करे तो मूल कारण पता चलता है। अर्थात मुख्य कारण कृषि के संदर्भ मे ही सन्निहित रहता है। उसका चित्त स्थिर नही रहता है। वह इस समस्याओं के ढेर में लगा रहता है वह उस समस्याओं के ढेर से छुटकारा पाना चाहता है। इसीलिए वह एकांणी विचार करने

लगता है। तथा वह आत्महत्या के विचार को अन्तिम अन्जाम देने का निर्णय लेता है। इसीलिए तथागत बुद्ध ने कहा है कि,

''फन्दनं चपलं चित्तं दुरक्खं दुन्निवारयं
उजु करोति मेधावी उसुकारो व तेजन''

अर्थात चित्त क्षणिक है। चंचल है, इसे रोक रखना कठिन है और इसे निवारण करना भी दुष्कर है। ऐसे चित्त को मेधावी पुरूष उसी प्रकार सीधा करता है, जेसे बाण बनानेवाला बाण को। परन्तु जो चित्त पर नियन्त्रण नही रख पाते वह क्षणिक, चंचल चित्त का आधीन होकर अपना जीवन नष्ट करता है।

इस प्रकार का चित्त जैसे जलाशय से निकालकर स्थल पर फेंक दी गई मछली तडफडाती है। उसी प्रकार किसान भी इन समस्याओं से बाहर निकलने के लिए तडफडाता है। पर उसका चित्त बहुत हल्के स्वभाव का है जो जहाँ चाहे वहा चला जाता है ऐसे चित्त का दमन करना कठिन होता है। इसलिए वह आत्महत्या करता है।

कृषक को समझ में नही आता की वह क्या। करे ? इन समस्याओं का हल केसे निकाले? परिवार के सदस्यों से भी इन समस्याओ पर बात करना अति आवश्यक होती है। पर इन सब बातों पर ध्यान न देकर वह एकांगी पक्ष का विचार करता है। वह समस्याओं से मुक्ती पाने के लिए वह आत्महत्या का विचार करने लगता है। ऐसे में जिसका चित्त स्थिर है, जो सद्सदविवेक बुद्धी से काम नही लेता, जिसका अपने आप पर विश्वास नही होता उसकी प्रज्ञा भी अपुर्ण है, वह ऐसे विचारों के आधीन होता है। उसे पता ही नही चलता की अब क्या करने वाला हुँ ऐसी अवस्था में वह आत्महत्या करता है।

परिवार भी इस सफर से गुजरता है तथा रिश्तेदार भी। परिवार इस घटना से पुरी तरह बिखर जाता है। परिवार के सदस्यों से बातचीत करते समय यह निदर्शन में आया की सावकार से

कर्ज लिया वह खेती और घर गिरवी रखकर। सावकार से घर या खेती छुडाने के लिए कृषक के पास किसी भी तरह का साधन या वित्त नही था। धम्मनपद के मूर्ख वर्ग में भगवान बुद्ध ने उपदेश दिया है, "जागनेवाले को रात लम्बी होती है। थके हुए के लिए रास्ता लम्बा होता है। अच्छे विचार को न जानने वाले के लिए संसार चक्र लम्बा होता है"।

किसान आत्महत्या करता है, परन्तु। उसके परिवार के सामने जीविका का बडा यक्ष प्रश्न होता है। क्योंकि कृषक घर का कुटुंबप्रमुख होता है। वही पुरे परिवार के जीविका की जिम्मेदारी उसी पर होती है। अगर ऐसी परिस्थिती में कृषक ने आत्महत्या की तो परिवार संकट में आता है।

व्यक्ती का व्यवसाय वह होना चाहिए जो उनकी आन्तरिक भावना के अनुरूप हो। वह व्यवसाय चाहे खेती हो या इसके अलावा दुसरा व्यवसाय जिसे उसके परिवार की जीविका हो सके अगर ऐसा होता है तो उसे व्यवसाय में रूचि होती है। उसका मन एवं हृदय वह व्यवसाय करने से चाहता है।

आज खेती व्यवसाय का कोई इतना मुल्य नही है। इसलिए डॉ. अम्बेडकर कहते थे कि "यदि प्रजातन्त्रिय आर्थिक ढांचा बनाना है और सबका कल्याण करना है तो परम्परागत मुल्योंन की समीक्षा कर केवल उन्ही मुल्यों को अपनाना चाहिए, जो आज उपयुक्त है और सबके लिए लाभप्रद है"।

डॉ. अम्बेडकर राज्य का स्वामित्व, केवल कृषि एवं मुख्य उद्योगो में होना चाहिए। वह जीवन बीमा आदि का राष्ट्रीयकरण भी चाहते थे। इसका अर्थ यह है कि राज्य की एक निश्चित पुंजी खेती एवं उद्योग में लगानी चाहिए जिससे समाज का परम्परावादी ढांचा शीघ्र बदल सके दीन-हीनों की दशा सुधारने के लिए डॉ. अम्बेडकर ने सुझाव दिया।

कृषक आर्थिक सुरक्षा बढाना चाहते हो तो राष्ट्रीयकरण की हुई बिमा कम्पनि एक निजी बिमा कम्पनि तुलना मे व्यरक्तीगत धन की सुरक्षा की गारन्टी अधिक देती है। राज्य बीमा कम्पनी

चाहे कैसी भी परिस्थितिया हो, धन लौटाने का पूरा उत्तरदायित्व लेती है इसमें व्यक्ति को किसी प्रकार का भय नही रहता है।

"राज्य बीमा कंपनी के व्दारा राज्य के पास भी एक निश्चित पुंजी आ जाति है, जिसे वह अपने औद्योगिक कार्यो में लगा सकता है। अन्यथा राज्य को खुले बाजार से पूंजी लेनी पडती है, जिसकी व्याज ही बहुत होती है। अत:राज्य को घाटा उठाना पडता है"।

इससे यह स्पष्ट है कि डॉ. अम्बेडकर इन दो उद्देश्यों को ध्यान में रखकर व्यक्तिगत धन की सुरक्षा बढाना चाहते थे। वह निजी संपत्ति को अधिक दृढ करना चाहते थे। इसलिए बिमा कंपनीयों1 का राष्ट्रीयकरण करना एवं राज्य दोनों के हित में है वस्तुत: भारत सरकार ने आंशिक रूप से बीमा कम्पनियों का राष्ट्रीयकरण किया है लेकिन आवश्यकता पुर्ण राष्ट्रीयकरण की है। पुर्ण राष्ट्रीयकरण से ही व्यक्तियों की सुरक्षा का ध्यान रखा जा सकेगा।

कृषक के आर्थिक हितो को ध्यान में रखकर उनको आर्थिक सुरक्षा प्रदान करनी चाहिए तथा सुविधाएं भी प्रदान करनी चाहिए, जिससे आत्महत्या करने पर रोक लगे सके। जिस तरह आज कृषक आत्महत्या करने वाले कृषकों के आंकडो को देखा जाये तो दुर्भाग्यवश यह कहना पडेगा कि, दुनिया का अन्न दाता आत्महत्या कर रहा है। जो दुनिया को अन्न देता है उसी को भुखे रहने की नौबत आती है। इसीलिए उसकी मुलभूत आवश्यकताए पूरी नही होती है। इसलिए कृषक समस्या का शिकार बनाता है। साधन हीन कृषक का परिवार आर्थिक संकट में आता है। आज का दर्शन मानव समस्याओं को हल करने में बहुत व्यस्त है। डॉ अम्बेडकर का समाजदर्शन भी मनुष्य और समाज की वर्तमान समस्याओं का अध्ययन करता है और तदनुसार उनका समाधान ही बताता भी है। उनका दर्शन श्रमिको,कृषकों की स्थिति – कम वेतन, दोषपुर्ण वितरण, बहुमत का दबाव, अशिक्षा, अज्ञान, अत्याचार आदि समस्याओं के बारे मे पर्याप्त मात्रा में विचार करता है। उनके दर्शन का मुख्य उद्देश मानव-कष्टों का अन्त करना है। बुद्ध के दर्शन का उद्देश

महान है। डॉ. अम्बेकरने उनका ही अनुसरण किया और कहा कि दर्शन मानव-व्यहवहार के मापने की विधि के सिवाय और कुछ नही है।'

आत्महत्या प्रकरण का तपशिल दिनांक 01 मार्च 2014 (वर्धा)

क्र.	वर्ष	कुल किसान	पात्र	अपात्र	चौकशी के लिए प्रलंबित
1	जनवरी, 2013	8	4	4	0
2	फरवरी, 2013	13	6	6	1
3	मार्च, 2013	6	4	2	0
4	अप्रैल, 2013	7	6	1	0
5	मई, 2013	4	4	-	0
6	जुन, 2013	5	3	2	0
7	जुलाई, 2013	4	3	1	0
8	अगस्त, 2013	7	4	2	1
9	सितंबर, 2013	9	8	-	1
10	अक्टूबर, 2013	12	10	2	0
11	नवम्बर, 2013	16	13	1	2
12	दिसंबर, 2013	7	2	1	4
13	जनवरी, 2014	9	-	-	9
14	फरवरी, 2014	6	-	-	6
15	मार्च, 2014				
कुल 01/01/2013 से 01/03/2014		113	67	22	24

कुल आत्महत्या के प्रकरण 113 हैं, उसमें से 67 पात्र हैं, 22 अपात्र है तथा 24 जाँचपड़ताल के लिए प्रलंबित है।[1]

***

[1] जिलाधिकारी कार्यालय, वर्धा

द्वितीय-अध्याय

द्वितीय अध्याय

किसानों की आत्महत्या की स्थितियाँ

आज की तरह बुद्धकाल में भी भारतीय जनता का मुख्य व्यवसाय खेती (कृषी) था। परन्तु आज किसानों कि खेती में अच्छी फसल न होने के कारण हवालदिल होकर आत्महत्या करने का विचार करताहै और उसे अंजाय तक पहुँचाता है। किसानों की आत्म्हत्या होने के अनेक कारण हो सकते है। उसकी कारण मीमासा होना जरूरी है। कभी-कभी किसान अनेक परेशानियों से गुजरता है। किसान का मुख्य व्यवसाय खेती होने के कारण आत्महत्या। करने के अनेक कारणों का प्रभाव पडता है। वह निम्नलिखित है।

1. आर्थिक स्थिति :-

भारतीय किसानों का मुख्यत पेशा खेती है। अन्य व्यवसाय करने के लिए आर्थिक परेशानियों का सामना करना पडता है। यहाँ अनेक आर्थिक समस्या (पक्ष) का विश्लेनषण करना अनिवार्य है क्योंकि किसी भी किसान की आत्महत्या होती है तो उसमें आर्थिक पक्ष की बडी भुमिका होती है। वह अपना सारा समय रोटी-पानी की खोज में व्यतीत कर देता है। केवल जीवित रहने का उद्देश मनुष्य को अपनी जीविका कमाने तक ही सीमित रख सकता है। अत: उसे उस कार्य के लिए समय नहीं मिलता, जिसके द्वारा वह अपनी बुद्धि का ठीक-ठीक विकास कर सके। अपने जीवन को सुसस्कृंत बना सके। ऐसा जीवन अवकाश के बिना सम्भव नहीं हो सकता। इसलिए आधुनिक समाज के समक्ष यही एक बिकट समस्या है कि प्रत्येक व्यक्ति को किस प्रकार श्रम का समय (अवकाश) प्रदान किया जाये, ताकि वह अपनी जीविका कमाने के साथ-साथ सांस्कृतिक उन्नति के द्वारा अपने जीवन को आनन्दमय बना सके। बल्कि ऐसा न होने कारण किसान आत्महत्या करने के विचार मन में लाकर उसी पर अंमल करता है। परिवार के उदर

निर्वाह की संपुर्ण जिम्मेदारी कुटुंब प्रमुख होने के नाते किसान पर हो जाती है। साथ ही साथ बच्चों की शिक्षा का खर्चा उसी पर रहता है। बाद में शादीयों पर भी खर्च करना पडता है। इन सब चीजों के लिए आर्थिक पक्ष सक्षम होना जरूरी होता है, परन्तु यही किसान मार खाता है। इन सभी समस्याओं पर हल निकालने के लिए वह सावकार का कर्जा (ऋण) लेता है। अच्छी फसल होने के बाद ऋण चुकता करने की है, उसी के आधार पर वह कर्जा लेता है। बँक का भी ऋण चुकता करने का सोचता है, उसी के आधार पर वह कर्जा लेता है। बँक का भी ऋण लेता है। इसी आशा पर इस साल अच्छी फसल हो जायेगी तो पुरा कर्जा चुका देंगे। परन्तु कभी-कभी अतिवृष्टि, अवर्षन के कारण कर्जा और बढ जाता है। बँक का कर्जा चुकता न करने कारण दुबारा बँक से कर्जा नहीं मिल पाता है सावकार का भी कर्जा चुकता न करने के कारण उसी से भी दोबारा कर्जा मिलने की उम्मीद खत्म, हो जाती है। आर्थिक स्त्रोत के सभी मार्ग बंद हो जाते है। ऐसे में किसान आत्महत्या करने की ठान लेता है और वह निराश होकर आत्महत्या करता है। अपना जीवन भ्रष्ट करता है। इसके पीछे एक ही कारण होता है आर्थिक पक्ष या समस्या। किसान का मुल आर्थिक स्त्रोत खेती है, अन्य व्यवसाय करने के लिए भी आर्थिक पक्ष की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। दुसरा व्यवसाय खडा करने के लिए आर्थिक समस्या उत्पन्न होती है। किसान सशक्त न होने की वजह से व्यवसाय का विचार मन में ही रह जाता है और उनके मन में बुरे विचार आने लगते है और उसे अंजाम भी देता है। क्योंकि परिस्थिति उनके अनुरूप नहीं होती है।[1]

2. सामाजिक स्थिति :-

किसान का वास्तविक स्त्रोत कृषि है। उसकी सामाजिक स्थिति भी निम्न स्तर की होती है। इस स्थिति में परिवर्तन जो कि जीवन का मुलाधार है, परन्तु सम्भाव नहीं इसलिए किसान के

---

[1] डॉ. अम्बेडकर का समाजदर्शन, डी.आर.नाटव, पृ. 81

कल्यारण में सहाय्यक सिद्ध नहीं होती। कभी-कभी सामाजिक कारणों से भी किसान मानसिक तणाव में आकर आत्महत्या करता है। किसान और उसके परिवार के किसी सदस्य ने कोई गलत कार्य किया हो तो उसे समाज बहिष्कृत करता है। उन्हें समाज के रितीरिवाज, परम्परा का पालन करता होता है। समाज में ऐसे नियम बनाये गये है जो उसका उल्लंघन करेगा तो उसे समाज से बहिष्कृत किया जाता है। समाज को अलिखित नियम, रितीरिवाज, परम्परा जो मानव कल्याण के लिए सिद्ध नहीं होती उसे ही मानना पडता है अगर कोई उसका उल्लंघन करता है तो उस पर मानसिक दबाव डाला जाता है। जो कि उन्हें यह अमान्य होता है। इसी वजह से किसान की सामाजिक स्थिति पर असर पडता है। समाज के चौकट (frame) के बाहर जाकर कोई नीच कार्य किया तो उसके सामाजिक स्थिति पर प्रभाव पडता है। समाज उसे और उसके परिवार पर मानसिक दबाव डालता है।

यह स्पष्ट है कि कोई भी व्यक्ति समाज के बाहर नहीं रहना चाहता है क्योंकि मनुष्य समाजशील प्राणी है। उसे समाज मे ही रहना पडता है। ऐसी परिस्थिति में कोई ऊँचा-नीचा हो गया तो समाज उन्हें समाज से बाहर फेंक देते है। ऐसे में पुरा परिवार इस समस्या का शिकार होता है। परिवार का कुटुंब प्रमुख पर ज्यादा मानसिक दबाव आता है। ऐसी स्थिति में वह अपने मन में आत्महत्या का विचार से प्रवृत्त होता है, वह आत्महत्या करता है।

इसलिए डॉ. अम्बेडकर की दृष्टि से किसान की सामाजिक स्थिति आर्थिक संस्था के रूप में असफल ही नहीं वरन् एक हानिकारक संस्था सिद्ध हुई है। कारण यह हे कि इसमें व्यक्ति की स्वेच्छा का हनन किया जाता है और उसके प्राकृतिक गुणों को सामाजिक नियमों के अधिन बना दिया जाता है। फलत: व्याक्ति अपना व्यक्तित्व खो बैठता है। व्यवसाय के आधार पर समाज में ऊँचा-नीचा स्थान दिया जाता है। यहाँ तक कि ऊँचा-नीचा पारिवारिक सम्पत्ति के रूप में समझी जाती है। इसलिए सामाजिक स्थिति समाज का सबसे बडा दोष है। ‘‘सार्वजनिक सुरक्षा का संबंध

किया जा सके जो कि उन किसानों को संरक्षण मिले जो गरीब, दुर्बल, वृद्ध है। परन्तु भारतीय समाज में आर्थिक ढाँचे उन शक्तिशाली लोगों के हाथों में छोड दिये है जो अपने सामाजिक उत्तरदायित्व को नहीं निभाते है जिसकी आज अत्याधिक आवश्यकता है।[1]

3. धार्मिक स्थिति :-

समाज अनेक मान्यता प्राप्त धार्मिक परम्पराये अस्तित्व में है। एक प्रकार से उन्हें अलिखित नियम माने जाते है। ऐसे अलिखित नियम या समाज प्राप्त मान्यताओं का पालन किया जाता है। जैसे-यज्ञ करना, यह धार्मिक कृत्य माना जाता है। व्रतवैकल्यत करना, जप-जाप्य करना, धार्मिक संस्कांर करना आवश्यक माना जाता है। यह धार्मिक संस्कार करने के लिए किसान के पास आर्थिक पक्ष सशक्त होता भी जरूरी होता है। दुर्भाग्यसवश उनका आर्थिक पक्ष सक्षम नहीं होता है। इसीलिए वह धार्मिक कार्य को अच्छे से नहीं कर पाता है। उसके सामने आर्थिक समस्या उत्पमन्न होती है। कोई भी कार्य करने के लिए आर्थिक पक्ष का मजबूत होना अत्यावश्यक है। साधनहीन किसान के पास धार्मिक कार्य करने के लिए आर्थिक परेशानी होती है। ऐसे में वह किसान मानसिक तणाव में रहने लगता है। उसके मन से एक ही विचार आता है वह आत्महत्या करने का। इस विचार को प्रबल करने के लिए वह प्रवृत्त होता है और एक दिन आत्महत्या करता है। इसके पीछे आर्थिक समस्याय की सबसे बडी भुमिका होती है। क्योंकि आर्थिक समस्या से ही अन्य समस्याएँ उत्पन्न होती है।

‘‘सामाजिक जीवन में अनेक भयंकर घटनाएँ सामने आती है। प्राचीन रीति रिवाज उनका समाधान करने के लिए निरर्थक सिद्ध होते है।’’[2] अर्थात उनका निराकरण पुरानी परम्पराओं एवं आदतों में नहीं मिलता। कभी-कभी तो मनुष्य के सामने नये मार्ग भी नहीं होते है।

---

[1] डॉ. अम्बेडकर का समाजदर्शन, डी.आर.नाटव, पृ. 85

[2] वहीं-पृ.140

अत: समाज की गति बहुत मन्द हो जाती है। और समाज में अप्रगतिशील तत्वों की बहुतायत हो जाती है। डॉ. आंबेडकर ने कार्लाइल की बात को यहाँ उदधृत किया ''किसी भी समय को नष्ट होने की आवश्यकता नही, यदि इसे महान व्यक्ति मिल जाये ऐसा व्यक्ति, जो अच्छा एवं बुद्धिमान हो, उसमें यह जानने की बुद्धि हो कि समय क्या चाहता है। उसमें इतनी शक्ति हो कि उसे ठीक-ठीक रास्ते पर ले जाये। किसी समय की मुक्ति के लिए यही मुख्य तत्व है।''कार्लाइल की ओर से यह एक उपयुक्त उत्तर उन लोगों के लिए है, जो इतिहास के निर्माण में मनुष्य का कोई स्थान नहीं मानते।

डॉ. अम्बेडकर के अनुसार बुद्ध ने भी ढाई हजार वर्ष पुर्व यह बात समाज के सामने रखी थी। आज भी उनका महत्व कम नहीं हुआ है। सभी उसे सत्य मानते है। बुद्ध ने कहा है ''संसार में दु:ख है।''3 हालांकि उनके दर्शन में अप्राकृतिक घटनाओं के लिए कोई स्थान नहीं है। बुद्ध ने जीवन के वास्तविक तत्वों पर अपना ध्यान केद्रिंत किया कि ''मानव जीवन में दु:ख है।'' बुद्ध ने भौतिक एवं मानसिक दोनों दु:खों का अन्त करने पर बल दिया है।

धार्मिक कार्य के नाम पर अनेक कर्मकांड किये जाते है। जैसे-यज्ञ में पशू बलि देना। पुर्वजन्म के कर्मों के कारण शुभ या अशुभ कर्म करना। जो कि अंधविश्वास है। इन्हीं कारणों की वजह से वह धार्मिक कर्मकांड करने के लिए उसे आर्थिक समस्या आती है। इसलिए कभी कभी इनकी वजह से भी निराश होकर आत्महत्या। करता है। जब कि बौद्ध धर्म में इन कर्मकांड के लिए कोई स्थान नहीं है।

4. परिवारिक स्थिति :-

कभी-कभी परिवारिक कलह के वजह से किसान आत्महत्या करता है। खेती मुख्य व्यवसाय होने के कारण पुरा परिवार इस व्यवसाय पर निर्भर रहता है। परिवार में बच्चों का शिक्षण, शादी-विवाह, उदरनिर्वाह, धार्मिक संस्कार करने के लिए आर्थिक समस्या आती है। इन

कारणवश परिवार में कलह निर्माण होता है। इन कार्यो के लिए आर्थिक पक्ष सक्षम होता अत्यावश्यक है। परंतु मूल आर्थिक स्त्रोत केवल खेती होने से उर्वरित कार्यों की पुर्ती नहीं होती है। कभी कभी अतिवृष्टी के तो कभी अवर्षण तो कभी ओले की वजह से फसल नहीं होती है।

परिवार में किसान कुटुंब प्रमुख होता है। उसी पर पुरे परिवार की जिम्मेदारी होती है। वह उस जिम्मेदारी को निभाने के लिए असमर्थ रहता है। ऐसी परिस्थितियों में किसान का मानसिक संतुलन बिगड जाता हे और वह आत्महत्या करने की सोचता है और वह एक दिन आत्महत्या करता है। बुद्ध ने कहा है कि मनुष्य को जिसकी आवश्यकता है उसे वह राजा ने प्रदान करना चाहिऐ- जैसे 'कृषक को बीज' देना चाहिए।[1] "नौकरी करनेवालों को पगार वेतन भत्ता देना''चाहिए

5. कुटदन्त सुत्त :-

बुद्ध काल में ब्राह्मणी धर्म यज्ञों पर निर्भर करता था। कुछ यज्ञ 'नित्य' कहलाते थे और कुछ यज्ञ 'नैतिक' कहलाते थे। 'नित्य'[2] यज्ञ का मतलब था वे अनिवार्य कर्तव्य जो चाहे कोई फल मिले और चाहे न मिले पर इसे करना आवश्यक समझा जाता था और उस प्रकार के यज्ञ को करना ही पडते थे।

'नैमित्तिक'यज्ञ उस समय किये जाते थे जब यजमान किसी सांसरिक इच्छा विशेष की पूर्ति के लिए उसके निमित्त से वह यज्ञ कराता था। ब्राह्मणी यज्ञों में सुरा-पान पशुओं की बलि और आमोद प्रमोद रहता था। तब भी ये यज्ञ 'धार्मिक कृत्य' समझे जाते थे। ऐसे धर्म जिसका आधार यज्ञ थे बुद्ध ने अपनाने योग्य नहीं समझा।

[1] दिघनिकाय, हिन्दी अनुवादक, राहुल सांकृत्यायन, जगदीश काश्यप, पृष्ठ 119

[2] बुद्ध और उनका बद्ध धम्म (हिन्दी अनुवादक) भदंन आनंद कौशल्याबयन, पृ. 233

आज की तरह बुद्ध-काल में भी भारतीय जनता का मुख्य पेशा कृषि था। बुद्ध काल में ब्राह्मण भी खेती करते थे। कृषि-कर्म (कसि कम्म) उस समय किसी जाति विशेष का पेशा नहीं माना जाता था। हम मगध के एकनाला ब्राह्मण ग्राम के कसिभारद्वाज ब्राह्मण को 500 हल लेकर जुताई करवाते देखते है।[1] मज्झिम निकाय के गोपक-मोग्गल्लायन-सुत्तन्त से हम जानते है कि मगध का गोपक-मोग्गल्लायन ब्राह्मण भी कृषक था। पिप्पलि माणवक (बाद में स्थविर महाकाश्यप) के यहाँ भी खेती होती थी। बुद्धकाल में छोटे-छोटे भुमि के टुकड़ो पर अलग-अलग परिवार खेती करते थे।

एक समय भगवान पाँच सौ भिक्खू संघ के साथ खाणूमत नामक मगध का ब्राहमण ग्राम था, वहा गये और खाणुमत में अम्बलट्ठिका (आम्रयष्टिका) विहार कर रहे थे। उस समय कुटदन्त ब्राम्हण मगध का था। वह धन-धान्य संपन्न, सोना-चांदी से संपन्न था तो उस समय उसके मन में विचार आया कि मैं महायज्ञ करूँ। ‘‘महायज्ञ में बलि देने के लिए सात सौ बैल, सात सौ बछडे, सात सौ बछडियाँ, सात सौ भेडे खंभे पर लाई गई थी।[2]

खाणमुत-वासी ब्राह्मण गृहस्थों ने सुना कि शाक्य कुल से प्रव्रजित शाक्य पुत्र श्रमण गौतम अम्बलट्ठिका में विहार कर रहे है। ‘‘श्रमण गौतम का ऐसा मंडाल किर्ती चारों ओर है। वह अर्हत3 है उनका दर्शन करना अच्छा होता है तो वे सब खाणुमत ब्राह्मण गृहस्थ जहा भगवान थे वहाँ गएल गे। उस समय कुटदन्त ब्राह्मण गृहस्थ अम्बालट्ठिका में जाते देखा देखकर क्षत्ता (सचिव) को कहा- क्या; है, हे क्षत्ता खाणमुत ब्राह्मण अम्बालट्ठिका जा रहे है।’’ उनके सचिव ने कहा कि ‘‘शाक्य कुल से प्रव्रजित श्रमण गौतम अम्बलट्ठिका में विहार कर रहे है। (श्रवमण गौतम) की जिसकी मंगलकीर्ति फैली है। उन्हीं श्रमण गौतम को दर्शनार्थ जा रहे है।’’ तब कुटदन्त ब्राह्मण को

[1] मजिझम निकाय हिन्दी अनुवाद, पृ-489

[2] दिधनिकाय, भिक्खु राहुल सांकृत्यायन, जगदीश काश्यप-पृ-116

ज्ञात हुआ कि श्रमण गौतम सोलह परिष्कारों वाली त्रिविध यज्ञ-सम्पदा (=यज्ञविधि) को जानता है, तो श्रमण गौतम से ही यज्ञ-सम्पदा के बारे में पुछ लेता हुँ। तब कुटदन्त ब्राह्मण गृहस्थ् के साथ श्रमण गौतम के दर्शनार्थ हम सब जाएँगे।

उस समय कई सौ ब्राह्मण कुटदन्त के यज्ञ का उपभोग करने के लिए खाणुमत में वास करते थे। उन ब्राह्मणों ने सुना कि कुटदन्त ब्राह्मण श्रमण गौतम के दर्शनार्थ जा रहा है। यह उचित नहीं बल्कि श्रमण गौतम ने ही कुटदन्त के दर्शनार्थ आना चाहिए क्योंकि कुटदन्त वृद्ध है, बिम्बिसार से संस्कृत है, मानित पुजित है और खाणुमत के स्वामी है और श्रमण गौतम तरूण साधू है इसीलिए ‘‘श्रमण गौतम ही आपके दर्शनार्थ आने योग्य है”।[1]

तब कुटदन्त ब्राह्मण ने श्रमण गौतम की प्रशंसा कि ‘‘शीलवान आर्यशीलयुक्त कुशल शील से युक्त है।’’ श्रमण गौतम सुवक्ता और कल्याण और मानव कल्याण की ही बात करता है। श्रमण गौतम काम राग रहित, चंचलता रहित है।[2] श्रमण गौतम इतने ही गुणवाले नहीं है वह अपरिणाम गुण वाले है। कुटदन्त ब्राह्मण बुद्ध की प्रशंसा कर रहे थे। उसके बाद कुटदन्त ब्राह्मण अन्य ब्राह्मण गण के साथ श्रमण गौतम के पास गये।

कुटदन्तण ब्राह्मण और खाणुमत के ब्राह्मण गृहस्थों ने अभिवादन करें एक ओर बैठ गये। तब कुटदन्त ब्राह्मण ने भगवान से कहा- ‘‘हे गौतम। आप सोलह परिष्कारों सहित त्रिविध यस सम्पदा को नहीं जानता। मै महायज्ञ करना चाहता हुँ। अच्छा हो यदि आप गौतम सोलह परिष्कारोसहित सहित त्रिविध यज्ञ-सम्पदा का मुझे उपदेश करें।’’ तब भगवान ने अहिंसामय यज्ञ करने के लिए महाविजित राजा की जातक कथा सुनायी।

---

[1] दिधनिकाय, भिक्खु राहुल सांकृत्यायन, जगदीश काश्यप-पृ-116

[2] वहीं- पृ- 116

‘‘पुर्वकाल में महाविजित नामक राजा था। बडा प्रतापी धनवान, सोना चांदी वाला, बहुत वित्त, (साधनवाला), महाधनी, धन धान्य से भरे खजा़ने से और कोठे अनाज से भरे थे। राजा एकान्त में थे। उनके मन में विचार आया कि, मुझे सभी प्रकार के लोग प्राप्त है, मैंने पृथ्वी मंडल को जीतकर, शासन करता हूँ। क्यों न मै महायज्ञ करुँ जो कि चिरकाल तक मेरे हित सुख के लिए हो।’’ यह बात महाविजित राजाने अपने पुरोहित से कहीं तब पुरोहित ने राजा से कहा कि आप का देश संकट में है, पीडा सहित है। राज्य में, गाँवों में डाकू लुट और बटमारी करते है।’’ इस समय आपकी प्रजा हैरान कि जा रही है और लुटी जा रही है। जिन्होंने रास्ते अरसुक्षित कर दिये है। जब तक ऐसी अवस्था है तब तक यदि महाराज ने प्रजा पर एक नया कर लगाया तो महाराज वह निश्चय गलती होती।

‘‘लेकिन हो सकता है कि महाराज आप यह सोचेकि मैं शीघ्र ही उन डाकुओं की सब कारवाईयाँ रोक दुँगा, उनको पकडवा लुंगा, उन पर जुर्माने करुँगा, उनको देश से निकलवा दुंगा तथा उनको मरवा डालुंगा। लेकिन इस तरह से उनकी दुष्टता नहीं रोकी जा सकती। जो इससे बचेंगे, अदण्डित रहेंगे वे प्रजा को हैराण करते रहेंगे।’’

इस समस्या का मल समाप्ति करने का एक मार्ग है। ‘‘आपके राज्यो में जो लोग पशू पालते है या खेती करते है, उन्हें महाराज। आप खाने के लिए अनाज दे और कृषि में बीज बोने के लिए बीज दे। आपके राज्य में जितने भी लोग व्यापार करते है, उन्हें महाराज। अनुदान ऋण/पुँजी दे। आपके राज्य में जितने भी ऐसे लोग है जो सरकारी कर्मचारी है, उन्हें महाराज वेतन और भोजन दे।’’[1] इसलिए महाराज सब अपने काम में लगे रहेंगे तो वे देश में उत्पात नहीं मचायेंगे, राजा को राज्य कर से अधिक आय होने लगेगी, देश सुख और शांति से रहने लगेंगे और जनता खुश हाल हो जायेगी जनता शांति का अनुभव करेगी, ऐसी स्थिति में लोग अपने बच्चों को गोद में लेकर

[1] दिधनिकाय, भिक्खु राहुल सांकृत्यायन, जगदीश काश्यप-पृ-119

नाचेंगे और निर्भय होकर खुले दरवाजे सोयेंगे।'' तब हे ब्राह्मण! राजा महा विजेता ने अपने पुरोहित की बात मानकर वैसा ही किया। लोग अपने-अपने काम में लग गये। उन्होंने देश में उत्पात मचाना छोड दिया। राजा को राज्य कर से अधिक आय होने लगी। देश सुख और शान्ति से रहने लगे। जनता खूशहाल हो गई। लोग अपने-अपने बच्चों। को गोद में लेकर नाचने लगे और निर्भय होकर खुले दरवाजे सोने लगे।

जब उत्पात शान्त हो गया, तो राजा महाविजेता ने फिर से अपने पुरोहित से कहा- ''अब देश में उत्पात नही है। जनता खुश-हाल है तो मैं अपने चिरकाल हित सुख के लिए वह महान यज्ञ करना चाहता हुँ आप बताये कि कैसे करुँ?' तो पुरोहित ने राजा को उत्तर देते हुए कहा ''राजन! अब यज्ञ करने का उचित समय है। अब आप राजधानी और राजधानी के बाहर समस्त देश में ऐसे जितने भी क्षत्रिय हो जो आपके माल गुजार हो, उन्हें नियंत्रण दे, जो मंत्री हो, राज्य के अधिकारी हो, या प्रतिष्ठित ब्राह्मण हो, जो सम्पंन्न, गृहपति हो उन सब को निमंत्रण भेजे और कहे मैं अपने दीर्घकालीन कल्याण के लिए यज्ञ करना चाहता हुँ। आप उसकी स्वीकृति दे।'' तब हे कुटदन्त ब्राह्मण। जैसा पुरोहित ने कहा वैसा हि राजा ने किया और उन सभी लोगों ने भी यज्ञ करने की अनुमति दी।

राजा महाविजेता बुद्धीमान था और अनेक बातों में कुशलता उसका पुरोहित भी वैसा ही बुद्धीमान और अनेक बातों में कुशल था। इसलिए पुरोहित ने राजा को पहले ही बता दिया था कि इस यज्ञ में कितना धन व्यय हो सकता है। पुरोहित ने कहा ''महाराज कही ऐसा न हो कि यज्ञ आरम्भ होने से पुर्व, या यज्ञ करते समय अथवा यज्ञ समाप्ती होने के अनन्तर आपके मन में यह विचार उत्पन्न हो कि 'अरे! इस यज्ञ में तो मेरी सम्पत्ति का बडा हिस्सा लग गया तो जो ऐसा विचार मन में नहींआना चाहिए''और हे ब्राह्मण। उस पुरोहित ने यज्ञ आरम्भर होने से ही पहले या बाद में राजा के मन में यज्ञ में भाग लेने वालों को लेकर कोई पश्चाताप न हो'' इसलिए राजा को

कहा ''राजन! आपके यज्ञ में हर तरह के लाग आयेंगे ऐसी भी जो जीव–हत्याप करते है, ऐसी भी जीव-हत्या नहीं करते। ऐसे भी जो चोरीम करते है, ऐसी भी जो चोरी नहीं करते। ऐसे भी जो मिथ्याऐचारम करते है, और ऐसे भी जो नहीं करते। ऐसे भी जो झुठ बोलते है, ऐसी भी जो झुठ नहीं बोलते। ऐसे भी जो झुठी चुगली खाते है, ऐसी भी जो झुठी चुगली नहीं खाते। ऐसे भी जो कठोर बोलते है, ऐसे भी जो कठोर नहीं बोलते। ऐसे भी जो व्यहर्थ बकवाद करते है, ऐसी भी जो व्योर्थ बकवाद नहीं करते, ऐसे भी जो लोभ करते है, ऐसे भी जो लोभ नहीं करते, ऐसे भी जो द्वेष करते है, ऐसी भी जो द्वेष नहीं करते।

हे ब्राम्हटण! यदि आप कोई ऐसा ही यज्ञ करना चाहते है, तो आपका 'यज्ञ'कभी धर्म का अग्र हो ही नही सकते।यह धर्म था निकृष्टमतय रूप हे जो कहता है कि पशुओं की बलि देने से आदमी स्वृर्ग जा सकते है।''

तब बुटदन्तद ब्राम्हमण ने प्रश्न किया '' हे गौतम! तो क्या कोई दुसरा 'यंज्ञ'है जिसमे प्राणियों कि पशूओं कि बालि तो न देनी पडे परन्तुद जिसके करने से अधिक फल मिले और दीर्घकालीन हित सुख (कल्यासन) के लिए तब भगवान बुद्ध ने कहा कि हाँ जेसा यंज्ञ है।''तब भगवान बुद्ध ने कहा कि'' हाँ ऐसा यज्ञ है।''कुटदनी ब्राम्ह ण ने बुद्ध को ऐसा यज्ञं कैसे क्याँ होगा?

भगवान बुद्ध ने यज्ञ महाफलदायी और अल्पणसामग्री का दान यज्ञ बताया। वेसे बुद्ध ने इस कुटदन्तब सुत्त मे छह प्रकारे के अल्पुसाम्रगी और महाफलदायी बताया है,जो दीर्घकाल तक कल्याणकारी होने है। इसमें से पहजा यज्ञ है

1.दान यज्ञ:-

जो आदमी सादाचारी शीलवान शीलवान प्रवृजितभिक्खूओं को नित्यस दान देता है। वह यज्ञ महाफलदायी होता है।'' जो विहार को बनवाता है और भिक्खूव संघ को दान देना है। इससे भी अल्पतसामग्री वाला यज्ञ है।

2.त्रिशरण यज्ञ :-

जो आदमी बुद्ध, धम्म- तथा संघ को शरण जाता है वह यज्ञ त्रिविध यज्ञ से भी महाफलदायी और चित्रकाल तक रहना है।'' यह यज्ञ अल्प सामग्री कियाशील ओर महायाहात्भ्पान है।

3.शिक्षाप्रद-

यज्ञ :इस यज्ञ में मनुष्यों के शिक्षा के बारे में कहा है जो महाफलदायी है। जब एक आदमी श्राद्धयुक्तय होकर -

1 जीव-हत्या से विरत रहने का संकल्पे करता है

2 चोरीकरने से विरन रहने का संकल्प करता है।

3 झुठ बोलने से विरन रहने का संकल्पल करताहै मद्दापान तथा नशीली चीजों के सवेन से विरत रहने का संकल्पस करता है'' यह ऐसा यज्ञ है जो यज्ञोंके निमित बडे खर्चे करने से अच्छा है जो यज्ञों के निर्मित बडे खर्चे करने से अच्छा है जो भिकयूओं के ठहरने लिए विहार आदि बनवाने से भी जो निरन्त र भिक्षा देते रहने से भी अच्छा है, जो त्रिशरण ग्रहण करने से भी अच्छा है।

4 शील यज्ञ :-

जब इस लोक (संसार) में तथागत उत्पिन्न होते है तो अन्या लोग भी शीलवान होते है। इसके लिए किसी सामग्री की आवश्यीकता नही है। क्योंकि जहाँ तथागत होने है वहाँ शीलवान लोग होते है। शील को ग्रहण करने वाले लोग होते है।

1.आम्भिक शील:-

वह प्रव्रजित हो प्रतिमोक्ष के नियमों का ठीक से पालन करते हुए विहार करता है, आचार-गोचार के सहित हो, छोटे से भी पाप से डरने वाला काय और वचन कर्म से संयुक्तक,

शद्ध जीविका करते,शीलसम्पमत्र,इद्रिय-संयमी, भोजन की मात्रा जानने वाला, स्मृ-तिमान, सावधान और संतुष्ट् रहता है।

महाराज! भिक्खुर कैसे शीलसम्पत्र होता है?

1.महाराज! भिक्खुत हिंसा को छोड़ हिंसा से विरत होता है, दण्ड को छोड़, शस्त्र को छोड,लज्जास लज्जा (पाप कम्मोंक) से मुक्तत, दयासम्प्त्र, सभी प्राणियोंके हित की कामना से युक्तस हो विहार करता है। यह भी शील है।

2. चोरी को छोड़ चोरी से विरत रहता है, किसी की कुछ दी गई वस्तु ही को ग्रहण करता है, किसीकी कुछ दी गई वस्तु। ही की अभिलाषा करता है। इस प्रकार वह पवित्रजनहोक विहार करता है। यह भी शील है।

3. अब्रहाचर्य को छोड़ ब्रहाचारी रहता है, मैथुन कर्म से विरत और दूर रहता है। यह भी शील है।

4. मिथ्याथभाषण को छोड़, मिथ्या भाषण से विरत रहता है, सत्यीवादी, सत्यमसन्धा,स्थिर विश्वयसैनीय और यथार्थ वक्ता होता है। भी शील है।

5. चुगली खाना छोड़ चुगली खाने से विरत रहता है लोगों में लडा़ई करावाने के लिए यहा से सुनकर वहां नही कहता है और वहाँ से सनुकर यहां नहीं कहता।वह फूटे हुऐ लोगों का मिलाने वाला, मिले हुए लोगोंमें और अधिक मिल कराने वाला, मेल चाहने वाला, मेल (के काम) में लगा हुआ (और) मेल में प्रसत्र हाने वाला, मेल करनेकी बात का बोलने वाला होता है। भी शील है

6. कठोर वचनय को छोड़े कठोर को वचन से विरत रहता है। जो बात निदोंष, कर्णप्रिय, प्रमयुक्तम मन में लगने वाली, सभ्यल,तथा लोंगोंको प्रिय है, उसी प्रकार की बातों का कहने वाला होता है। यह भी शील है।

7. व्यर्थ वकवाद को छोड़ व्यर्थ की बकवाद से विरत रहता है। समयोचित बात बोलने वाला, ठीक बात बोलने वाला,सार्थक बात बोलनेबाला, धर्मकी बात बोलने वाला,विनय की बात बोलने वाला, जंचने वाली बात बोलने वाली होती है। समय और अवस्था के अनुकूल विभागकर सार्थक बात बोलने वाला होता है। यह भी शील है।

8. बीजों और जीवों के नाशकरने को छोड़ बीजों और जीवों के नाश करने से विरत रहता है।

9. दिन में एक बार ही भोजन करनेवाला होता है, विकाल (-मध्याह के बाद) भोजन से विरत रहता है।

10. नृत्यह, गीत, बाजा,और बुरे प्रदर्शन से विरत रहता है।

11. ऊंची और सजी-धजी शय्या से विरत रहता है।

